**क्या आप रोमांचक काम की तलाश कर रहे हैं? परिवहन क्षेत्र में नौकरी पाएं!**

परिवहन क्षेत्र कमियों का सामना कर रहा है और इसे उच्च वेतन और मांग वाली नौकरियां भरने के लिए लोगों की ज़रूरत है। उद्योग और देश भर में बहुत से अलग-अलग अवसर हैं, चाहे आप समुद्र में, आकाश में, रेल उद्योग में, या सड़क पर जीवन में रुचि रखते हों, परिवहन में नौकरी आपकी प्रतीक्षा कर रही है। ट्रांसपोर्ट कनाडा की ट्रांसपोर्टेशन जॉब एंड करियर पाथवे (Transportation Job and Career Pathway) वेबसाइट उपलब्ध नौकरियों और उनके विवरण, आवश्यक प्रशिक्षण और औसत वेतन के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान करती है। यदि आप या आपका कोई परिचित परिवहन क्षेत्र में नौकरी के बारे में अधिक जानने में रुचि रखता है, तो कृपया इस लिंक पर जाएं: https://tc.canada.ca/en/corporate-services/jobs-transport-canada/looking-exciting-work-get-job-transportation

निम्नलिखित व्यवसायों में पदों को भरने के लिए लोगों की ज़रूरत है:

**क्या आपको खुली सड़क पसंद है? ट्रक चलाने के पेशे को आज़माएं!**

**ट्रक चलाना:** ट्रक ड्राइवरों की भारी मांग है। वे एक आवश्यक सेवा प्रदान करते हैं जो कनाडा की आपूर्ति श्रृंखला को दुनिया से जोड़ती है। वे माल और सेवाओं के परिवहन के लिए स्ट्रेटट्रक या ट्रैक्टर-ट्रेलर चलाते हैं। लंबी दूरी के ट्रक ड्राइवर शहरी, ग्रामीण और अंतर्राष्ट्रीय मार्गों पर भारी ट्रक चलाते हैं, जिससे पूरे देश में घूमने का अवसर मिलता है। छोटी दूरी के और स्थानीय परिवहन ट्रक ड्राइवरों को अपने शहर के बारे में अधिक जानने का अवसर मिलता है और वे एक आवश्यक सेवा प्रदान करते हैं। ट्रक ड्राइवर परिवहन, निर्माण, वितरण और घर बदलने वाली कंपनियों सहित उद्योगों के लिए काम करते हैं या स्व-रोज़गार में हो सकते हैं। उदाहरण के लिए, लंबे संयोजन वाले वाहनों को चलाने के लिए क्लास 1 या A लाइसेंस की आवश्यकता होती है।वेतन अलग-अलग होते हैं, लेकिन अनुभव के साथ ट्रक ड्राइवर $90,000 से अधिक कमा सकते हैं। ऐसी कई अच्छी तनख्वाह वाली ट्रक ड्राइवरों की नौकरियां हैं जो आपको और आपके परिवार की कनाडा में बसने में मदद कर सकती हैं!

**क्या आप आसमान के पेशे में रुचि रखते हैं? शायद विमानन उद्योग में पेशा वह हो जिसकी आप तलाश कर रहे हैं!**

**एयरलाइन पायलट या को-पायलट**: पायलट और को-पायलट की भी भारी मांग है। लोगों और सामानों के परिवहन को सुनिश्चित करने के लिए कमरशियल पायलट आवश्यक हैं। क्षेत्रीय पायलट सुनिश्चित करते हैं कि पहुंच वाले सभी क्षेत्र, चाहे वह कितने भी बड़े या छोटे क्यों न हों, आवश्यक वस्तुएं और

सेवाएं प्राप्त करें और वे परिवारों और दोस्तों को एक साथ जोड़ते हैं। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उड़ान भरने वाले पायलट आवश्यक सेवाएं प्रदान करते हुए दुनिया भर में घूम सकते हैं। पायलट लगभग कहीं भी काम कर सकते हैं जहां हवाई अड्डा है, और औसत वेतन $45.60 प्रति घंटा है, कुछ पायलट $150,000 से अधिक कमाते हैं। एक पायलट बनने के लिए, आपको एक चिकित्सा जांच पास करने की ज़रूरत होगी, प्रशिक्षण लेना होगा और कई घंटों की उड़ान पूरी करनी होगी। पायलट बनने के 3 तरीके हैं:

- रॉयल कैनेडियन वायु सेना(Royal Canadian Air Force) में शामिल हों,
- किसी कॉलेज में एक एविएशन कार्यक्रम के लिए पंजीकरण करें, या
- एक स्थानीय फ्लाइट स्कूल के माध्यम से कक्षाएं लगाएं।

एक निजी लाइसेंस लोगों को केवल मनोरंजन के लिए उड़ान भरने की अनुमति देता है! निजी लाइसेंस हासिल करने के लिए कम से कम 45 घंटे के उड़ान प्रशिक्षण की आवश्यकता होगी। साथ ही, किसी कॉलेज या युनिवर्सिटी में एविशन कार्यक्रम के लिए पंजीकरण करने के लिए अक्सर एक निजी पायलट लाइसेंस की आवश्यकता होती है।

**एयरक्राफ्ट मेंटेनेंस इंजीनियर**: एयरक्राफ्ट मेंटेनेंस इंजीनियर (विमान रख-रखाव इंजीनियर) बनना एक बड़ी जिम्मेदारी है क्योंकि वे यात्रियों और पायलटों को सुरक्षित रखते हैं। विमान रखरखाव इंजीनियर हवाई जहाज़ों का रखरखाव और मरम्मत करते हैं। एक लाइसेंस प्राप्त एयरक्राफ्ट मेंटेनेंस इंजीनियर बनने के लिए ज़रूरी है कि आप कम से कम 21 वर्ष के हों, एयरक्राफ्ट मेंटेनेंस इंजीनियरों के लिए एक ट्रांस्पोर्ट कनाडा(Transport Canada) द्वारा स्वीकृत बुनियादी प्रशिक्षण कार्यक्रम पूरा करें और आपको ट्रांस्पोर्ट कनाडा(Transport Canada)द्वारा लाइसेंस दिया जाए। $37 प्रति घंटा पर कनाडा में एयरक्राफ्ट मेंटेनेंस इंजीनियरों के लिए औसत वेतन काफी प्रतिस्पर्धी है। यह नौकरी लचीलापन प्रदान करती है और समान रुचियों वाले लोगों से मिलने का एक शानदार तरीका है।

**एयर ट्रैफिक कंट्रोलर**: एयर ट्रैफिक कंट्रोलर (हवाई यातायात नियंत्रक) बनना शानदार वेतन के साथ एक शानदार पेशा है। एयर ट्रैफिक कंट्रोलर कनाडा में $45.00 प्रति घंटा के औसत वेतन के साथ हवाई अड्डे पर हवाई यातायात को निर्देशित करते हैं और विमान और सेवा वाहनों को नियंत्रित करते हैं। एक एयर ट्रैफिक कंट्रोलर बनने के लिए ज़रूरी है कि आप पोस्ट-सेकेंडरी स्कूल पूरा करें, आपके पास एक बुनियादी रेडियो टेलीफोन ऑपरेटर का लाइसेंस हो, NAV कनाडा का एयर ट्रैफिक कंट्रोलर प्रशिक्षण कार्यक्रम पूरा करें, और आपको ट्रांसपोर्ट कनाडा(Transport Canada)द्वारा लाइसेंस दिया जाए। कुछ नौकरियों के लिए एयर ट्रैफिक कंट्रोलर या उड़ान संचालन और एक निजी पायलट के लाइसेंस में अनुभव की आवश्यकता हो सकती है, लेकिन सभी के लिए नहीं। एक एयर ट्रैफिक कंट्रोलर को उच्च

तनाव वाले वातावरण में काम करने में सक्षम होना चाहिए, लेकिन यह आय की स्थिरता और अच्छी आय भी प्रदान करता है।

**क्या आपको पानी पसंद है? समुद्री क्षेत्र आपकी तलाश कर रहा है!**

**बोट और केबल फ़ेरी ऑपरेटर**: बोट और केबल फ़ेरी ऑपरेटर और संबंधित व्यवसायों के कर्मचारी नहर प्रणालियों के साथ लॉक गेट, पुल और इसी तरह के उपकरण संचालित करते हैं और केबल फ़ेरी और फ़ेरी टर्मिनल संचालित करते हैं। इस इकाई समूह में नाव संचालक और मालिक-संचालक भी शामिल हैं, जो यात्रियों या माल के परिवहन के लिए छोटी मोटरबोट या वाटरक्राफ्ट चलाते हैं। उन्हें संघीय सरकार, केबल फ़ेरी कंपनियों, फ़ेरी टर्मिनलों, समुद्री कंपनियों और नहर, बंदरगाह या बंदरगाह प्राधिकरणों द्वारा काम पर रखा जाता है। छोटी नावों के मालिक-संचालक स्वरोजगार में होते हैं। इस नौकरी के लिए आमतौर पर छोटी अवधि के कार्य अनुभव की ज़रूरत होती है और किसी औपचारिक शिक्षा की आवश्यकता नहीं होती है। कनाडा में नाव और केबल फ़ेरी ऑपरेटरों के लिए औसत वेतन $24.00/घंटा है,

**डेक ऑफिसर**: डेक ऑफिसरों की भारी मांग हैं और कनाडा में उनका औसत वेतन $34.86/घंटा है। वे अपने जहाज़ों को नेविगेट करते हैं, चलाते हैं और सुरक्षित रूप से संभालते हैं, जहाज़ और किनारे के बीच संचार करते हैं, कार्गो को संभालते हैं और पहुँचाते हैं, और जीवन रक्षक उपकरणों का संचालन करते हैं। इस नौकरी के लिए आमतौर पर एक कॉलेज डिप्लोमा, 2 या अधिक वर्षों के अप्रेंटिसशिप प्रशिक्षण, या पर्यवेक्षी व्यवसाय में काम करने का अनुभव आवश्यक होता है। एक डेक ऑफिसर होने का मतलब है कि आप पानी के आसपास हैं और आपके पास पानी से अपने शहर, प्रांत, क्षेत्र या यहां तक कि दुनिया के बारे में जानने का अवसर है!

**डेक और इंजन रूम क्रू**: जल परिवहन डेक और इंजन रूम क्रू डेक उपकरण की निगरानी करते हैं, इसका संचालन और रखरखाव करते हैं, अन्य डेक और ब्रिज ड्यूटियां करते हैं और जहाज़ों या स्व-चालित जहाज़ों पर इंजन, मशीनरी और सहायक उपकरणों को चलाने, उनका रख-रखाव करने और मरम्मत करने में शिप इंजीनियर ऑफिसरों की सहायता करते हैं। उन्हें या तो समुद्री परिवहन कंपनियों या संघीय सरकारी विभागों द्वारा काम पर रखा जाता है। इस रोमांचक पेशे का मतलब लंबे समय तक समुद्र में रहना हो सकता है! कनाडा में डेक और इंजन रूम क्रू के लिए औसत वेतन $27.47/घंटा है।

**रेल उद्योग में काम करने से घर के पास और दूर दोनों तरह के कई अवसर मिलते हैं!**

**रेलवे कंडक्टर:** रेलवे कंडक्टर पूरे कनाडा में लोगों और सामानों के प्रवाह में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। वे यात्री और मालगाड़ी चालक दल के सदस्यों की गतिविधियों का समन्वय और पर्यवेक्षण करते हैं। ब्रेक विशेषज्ञ ट्रेन चलाने से पहले ट्रेन के ब्रेक और अन्य प्रणालियों और उपकरणों की जांच करते हैं, और रास्ते पर गतिविधियों में रेलवे कंडक्टरों की सहायता करते हैं। उन्हें रेलवे परिवहन कंपनियों द्वारा काम पर रखा जाता है। इस व्यवसाय के लिए आमतौर पर एक कॉलेज डिप्लोमा, 2 साल से कम के अप्रेंटिसशिप प्रशिक्षण, या 6 महीने से अधिक के काम के दौरान प्रशिक्षण की आवश्यकता होती है। कनाडा में रेलवे कंडक्टरों के लिए औसत वेतन $38.00/घंटा है।

**रेलवे इंजीनियर**: रेलवे लोकोमोटिव इंजीनियर ट्रेनों को सुरक्षित और सुचारू रूप से चलता रखते हैं। वे यात्रियों और माल के परिवहन के लिए रेलवे लोकोमोटिव चलाते हैं। उन्हें रेलवे परिवहन कंपनियों द्वारा काम पर रखा जाता है। यार्ड लोकोमोटिव इंजीनियर रेलवे, औद्योगिक या अन्य प्रतिष्ठानों के यार्डों के भीतर लोकोमोटिव चलाते हैं। उन्हें रेलवे परिवहन कंपनियों और रेल परिवहन के औद्योगिक या वाणिज्यिक उपयोगकर्ताओं द्वारा काम पर रखा जाता है। इस व्यवसाय के लिए आमतौर पर एक कॉलेज डिप्लोमा, 2 साल से कम के अप्रेंटिसशिप प्रशिक्षण, या 6 महीने से अधिक के काम के दौरान प्रशिक्षण की आवश्यकता होती है। कनाडा में रेलवे इंजीनियरों के लिए औसत वेतन $40.16/घंटा है। यह एक रोमांचक पेशा है जो आपको और आपके परिवार की कनाडा में बसने में मदद करेगा और आपके और आपके परिवार के लिए एक अच्छा जीवन प्रदान करेगा!